हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ

(तिथि 23 सितम्बर 2025, समय 1305 (05 मिनट)

सेवा और सुशासन, यानी जनसेवा के लिए शासन के मंत्र से प्रेरित होकर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार परिवर्तन और प्रगति लाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। आज, इस विशेष श्रृंखला - 'सेवा पर्व' में, हम आपको बताएंगे कि कैसे मोदी सरकार ने किसानों की वित्तीय सुरक्षा को मज़बूत किया है।

*भोर के समय, जब सुनहरे खेत आशाओं से जगमगाते हैं, किसान हमारे राष्ट्र के विकास के केंद्र में होते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, केंद्रित सुधारों की एक श्रृंखला ने साधारण किसानों को अनियमित आय से सुनिश्चित समृद्धि की ओर अग्रसर किया है।जैसा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा...*

*सरकार की प्रतिबद्धता बजटीय आवंटन में उल्लेखनीय वृद्धि से परिलक्षित होती है, जो 2013-14 में 27 हज़ार करोड़ रुपये से बढ़कर आज 1 लाख 37 हज़ार करोड़ रुपये से अधिक हो गई है। वहीं, पीएम-किसान के माध्यम से 11 करोड़ से ज़्यादा किसानों को प्रत्यक्ष आय सहायता मिली है।किसान क्रेडिट कार्ड के विस्तार से वित्तीय सशक्तिकरण को और मजबूत किया गया है, जबकि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना मौसम और बाज़ार की अनिश्चितताओं से सुरक्षा प्रदान करती है।प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के एक लाभार्थी ने कहा.....*

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में, खाद्य सुरक्षा से लेकर किसान समृद्धि तक भारत की यात्रा सुचारु रूप से चल रही है, जो दूरदर्शिता पर आधारित है, कार्यों से पोषित है और अपने अन्नदाताओं के सपनों से प्रेरित है।अश्विनी कुमार शर्मा, आकाशवाणी समाचार चंडीगढ़*

*******************************************************************

केंद्रीय सांख्यिकी, कार्यक्रम कार्यान्वयन एवं योजना राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने कहा है कि जी एस टी सुधारों के लागू होने से आम जन और लघु उद्योग को लाभ हुआ है।

श्री राव इंद्रजीत सिंह रेवाड़ी के में नवरात्र पर्व के पावन अवसर पर जिला की ग्रामीण विकास से जुड़ी करोड़ों रूपए की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन करने के बाद मीडिया से बातचीत कर रहे थे।

***************************************************************************

उपभोक्ता मामले विभाग ने अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों के तहत राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन पर जीएसटी शिकायत निवारण की सुविधा शुरू की है।

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि कल से लागू हो रहीं संशोधित जीएसटी दरों और छूटों को लेकर उपभोक्ताओं की अपेक्षित पूछताछ और शिकायतों के समाधान के लिए एकीकृत शिकायत निवारण तंत्र पोर्टल शुरू किया गया है। इसमें ऑटोमोबाइल, बैंकिंग, उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुएं, ई-कॉमर्स, फास्ट-मूविंग उपभोक्ता वस्तुएं जैसी शिकायतें दर्ज की जाएंगी। इस पहल से वस्तु और सेवा कर अनुपालन को मजबूत करने और उपभोक्ताओं को कम हुए मूल्य पर समान की बिक्री सुनिच्छित करने में मदद मिलेगी।

मंत्रालय ने कहा कि उपभोक्ता पोर्टल या टोल-फ्री नंबर 1915 के माध्यम से सत्रह भाषाओं में अपनी शिकायतें दर्ज करा सकते हैं।

*******************************************************************

हरियाणा के खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने पलवल में 1 करोड़ 30 लाख रुपए की लागत से विकास कार्यों का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता अभियान चलाया और रेहड़ी पटरी वालों को कूड़ेदान भी वितरित किए।

*******************************************************************

नवरात्रि के पहले दिन सरकार ने 25 लाख नए पात्र परिवारों को निःशुल्क पीएम उज्ज्वला कनेक्शन देने का फ़ैसला किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज से उज्ज्वला परिवार में शामिल होने वाली सभी माताओं और बहनों को शुभकामनाएं दी।

एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार का यह कदम न केवल इस पावन पर्व पर उन्हें नई खुशियां देगा, बल्कि महिला सशक्तिकरण के संकल्प को भी मजबूत करेगा।

*****************************************************************